सिविल अस्पताल नियमों को ठेंगा दिखा रहे जिम्मेदार

लखनादौन नवभारत। लखनादौन सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का एक ऐसा पैटर्न सामने आया है, जो सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के पेण्डारी नसबंदी कांड की खौफनाक याद दिलाता है। जहाँ एक ओर सरकारी नियम मानक संचालन प्रक्रिया के तहत एक सर्जन के लिए प्रतिदिन अधिकतम 3 ऑपरेशन तय करते हैं, वहीं लखनादौन में दो अलग-अलग शिविरों में इस सीमा को बेरहमी से कुचला गया। 12 फरवरी को लगाये गये शिविर में ही नियमों को ताक पर रखकर 3 की जगह 59 महिलाओं की सर्जरी की गई। बीएमओ का तर्क था कि सर्जन लेट आए, इसलिए काम देर रात तक चला। 12 तारीख की अव्यवस्था के बावजूद, प्रशासन नहीं जागा। 16 फरवरी को फिर से वही कहानी दोहराई गई और 49 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया।

बीएमओ ने सुप्रीम कोर्ट के सुरक्षा मानकों को बताया शून्य

सवाल यह है- जब 12 फरवरी को ही क्षमता से अधिक ऑपरेशन और रात तक काम चलने की अव्यवस्था सामने आ गई थी, तो 16 फरवरी को दोबारा सर्जन को क्षमता से अधिक केस 49 लेने की अनुमति किसने दी? क्या यह सुनियोजित लापरवाही नहीं है?

याद दिला दें कि 2014 में छत्तीसगढ़ के पेण्डारी में एक ही दिन में 83 ऑपरेशन करने के कारण 13 महिलाओं की मौत हो गई थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने देविका बिस्वास बनाम भारत संघ मामले में सख्त गाइडलाइंस जारी की थीं। लखनादौन में जो हो रहा है, वह उसी खतरे को निमंत्रण देना है रात के अंधेरे में थका हुआ सर्जन जब 30 की जगह 50वां ऑपरेशन करता है, तो संक्रमण और सर्जिकल चूक की संभावना 500 प्रतिशत बढ़ जाती है जैसे-जैसे ऑपरेशनों की संख्या बढ़ती है, स्टेरलाइजेशन की गुणवत्ता गिरती

जाती है। क्या हर मरीज के लिए मानकों का पालन हुआ ? दोनों ही तारीखों में महिलाओं को ऑपरेशन के बाद कड़ाके की ठंड में अस्पताल के फर्श पर लिटाया गया। हाइजीन के अभाव में यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है। क्या जिले में बैठे सीएमएच ओ जयपाल सिह ठाकुर केवल कागजों पर ऑल इज वेल की रिपोर्ट देख रहे हैं? क्या 12 फरवरी की घटना की रिपोर्ट जिला मुख्यालय नहीं भेजी गई थी यदि भेजी गई थी, तो 16 फरवरी को फिर से नियम टूटने पर सीएमएचओ ने कार्रवाई क्यों नहीं की जिला प्रशासन को महिलाओं के स्वास्थ्य से ज्यादा नसबंदी के आंकड़ों की चिंता है? लखनादौन अस्पताल में प्रोटोकॉल का उल्लंघन अब अपवाद नहीं बल्कि नियम बन चुका है। बीएमओ अशोक सह्लाम का यह तर्क कि एक दिन में एक सर्जन 30 से ज्यादा ऑपरेशन कर सकता है, न केवल गुमराह करने वाला है, बल्कि भारत सरकार के स्पष्ट नियमों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का खुला उल्लंघन भी है केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी महिला नसबंदी के लिए मानक / प्रोटोकॉल के अनुसार-एक सर्जन को एक दिन में अधिकतम 30 ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन करने की अनुमति है। नसबंदी के सभी ऑपरेशन दिन की पर्याप्त रोशनी में ही किए जाने चाहिए। रात के अंधेरे में या थके हुए स्टाफ के साथ सर्जरी करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऑपरेशन के बाद प्रत्येक महिला को उचित बेड और साफ-सुथरा वातावरण मिलना चाहिए। कड़ाके की ठंड में फर्श पर लिटाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह अमानवीय कृत्य है। यदि सर्जन समय पर नहीं पहुँचता है, तो शिविर को स्थगित किया जा सकता है, लेकिन नियमों को तोड़कर देर रात तक ऑपरेशन करने की अनुमति SOP कतई नहीं देता। यदि कोई डॉक्टर या बीएमओ 30 की सीमा का उल्लंघन करता है, तो यह न्यायालय की अवमानना% माना जाएगा। बीएमओ का यह कहना कि 30 से ज्यादा किए जा सकते हैं, सीधे तौर पर अदालत को चुनौती देना है। बीएमओ लखनादौन जिस प्रक्रिया को सामान्य बता रहे हैं, वह दरअसल भारत सरकार की SOP का गंभीर उल्लंघन है।

घंसौर में भाजपा मंडल अध्यक्ष पति के खिलाफ चल रहे माहौल के बीच भाजपा जिला अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

क्या जल्द बदल सकता है घंसौर मंडल अध्यक्ष

घंसौर नवभारत। सिवनी जिले के घंसौर में भाजपा मंडल अध्यक्ष पति सुभाष यादव के खिलाफ खाद घोटाले की खबरों के बीच रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मीना विशेन से घंसौर भाजपा से जुड़े लगभग दो दर्जन से ज्यादा नेताओं ने मुलाकात की हालांकि यह मुलाकात सौजन्य भेंट बताई जा रही है मगर जिला भाजपा के भीतर खाने से जुड़े सूत्रों के अनुसार घंसौर भाजपा के नेताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष दीपमाला यादव के पति सुभाष यादव को लेकर जिला अध्यक्ष से मिलकर क्षेत्र में चल रहे खाद घोटाले और दूसरे अन्य मामलों में पार्टी की छवि को लेकर सबूतों के साथ सीधे शिकायत की गई है सूत्र बताते हैं कि घंसौर भाजपा से जुड़े लगभग एक तिहाई से ज्यादा नेताओं ने जिला अध्यक्ष मीना विशेन को बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में घंसौर भाजपा मंडल के अध्यक्ष पति द्वारा बृहद स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है जिसको लेकर जिले भर की मीडिया लगातार मंडल अध्यक्ष पति सुभाष यादव के विषय में लगातार मुखर रूप से खबरें प्रकाशित कर रही है पार्टी से जुड़े कुछ किसान भी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में हुए भ्रष्टाचार से अछूते नहीं हैं जिससे लगातार पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर सूत्र बताते हैं कि भाजपा जिला अध्यक्ष मीना विशेन द्वारा भी प्रतिनिध मंडल को आश्वस्त किया गया है कि वे जल्द ही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ स्तर में चर्चा करके निर्णय लेंगी वहीं सूत्रों के दावों में अगर विश्वास कर लिया जाए तो इसी सप्ताह में भाजपा के जिले के नेता घंसौर मंडल अध्यक्ष बदल सकते हैं हालांकि सूत्रों के दावों में कितना दम है यह तो भविष्य के गर्त की बातें है मगर मौजूदा स्थिति को देखकर यह कयास लगाना मुश्किल नहीं है कि घंसौर भाजपा में कुछ न कुछ बड़ा होने वाला है।

एक नजर में

कंट्रोल रूम सिवनी में संपन्न हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

सिवनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार और पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सर के आदेश अनुसार जिले में अधिक से अधिक पुलिस बल को दक्ष करने के उद्देश्य से डीएफएमडी और एचएमडी का प्रशिक्षण दिनांक 21 और 22 फरवरी 2026 को दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य VIP मुमेंट, त्योहार और लॉ एंड ऑर्डर को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा को चुस्त और पाबंद करने के उद्देश्य से कराया गया है। प्रशिक्षण में कुल 111 अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उपरोक्त प्रशिक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू की उपस्थिति में संपन्न हुआ संपूर्ण प्रशिक्षण छिंदवाड़ा से आए हुए प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक प्रवीण सोनी आरक्षक आशीष राजपूत आरक्षक अतुल राजपूत द्वारा दिलवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूबेदार जितेंद्र रावतकर, सहायक उप निरीक्षक शक्ति सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजू कहिके, आरक्षक गौस मोहम्मद खान, विकास रघुवंशी और उनकी टीम उपस्थित रही।

डीजे संचालकों पर कार्यवाही, वाहन सहित डीजे जब्त

छपारा। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा अवैध रुप से डी.जे. साउंड प्रयोग कर शोरगुल करने वाले डीजे संचालको के विरूध्द त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए है, जो अनुविभागीय अधिकारी अपुर्व भलावी के मार्गदर्शन में नियम का उल्लंघन करने वाले डी.जे. संचालकों के विरूध्द लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना छपारा पुलिस व्दारा वर्तमान में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय रहवासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए डी.जे. संचालकों के व्दारा बिना अनुमति निर्धारित समयावधि उपरांत भी तेज आवाज में थाना क्षेत्र में डी.जे. बजाने, नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर कार्यवाही के दौरान राशि लॉन के सामने छपारा में बिना अनुमति संचालित करते जाने पर 01 डी.जे. साउंड सिस्टम के संचालक पर धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए डी.जे. साउंड सिस्टम मय वाहन के जप्त करते हुए अपराध पंजीबध्द किया गया है। इससे पूर्व भी छपारा पुलिस व्दारा दिनांक 20/02/026 को खैरमाई मदिर के सामने छपारा में बिना अनुमति तेज आवाज में डी.जे. साउंड सिस्टम बजाते पाये जाने पर डीजे संचालकों के विरूध्द कोलाहक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया था। आरोपी डी.जे. संचालक मुकेश चौरसिया पिता किशनलाल चौरसिया उम्र 36 वर्ष निवासी आमागड थाना डुण्डासिवनी जिला सिवनी व अजय पिता दर्शन झारिया उम्र 27 वर्ष निवासी बिजना थाना छपारा जिला सिवनी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर पीकप वाहन क्रमांक (01) एमपी 20 जीबी 3368 (02) एमपी 50 जी 1356, बेस, टॉप, पॉट लाईट, बक्से, एम्पली मशीन, चोंगा, डिस्को लाईट, जनरेटर एवं अन्य जप्त किया है। कार्यवाही में निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उइके, सउनि बीएस प्रजापति, सउनि अशोक सेन, प्रआर मूलसिह उइके, प्रआर बालचंद घोरमारे, प्रआर विनोद बघेल, प्रआर दशरू बघेल यका योगदान रहा।।

स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय में बच्चो से मांग रहे अनावश्यक पैसा

फेयरवेल के नाम पर बड़ी ठगी!

लखनादौन नवभारत। एक बाहरी व्यक्ति ने कॉलेज फेयरवेल का झांसा देकर छात्रों से पैसे वसूले और अब कार्यक्रम कॉलेज के बाहर करने की साजिश रच रहा है। कॉलेज का नाम लेकर पैसे लिए, अब बाहर प्रोग्राम क्यों? एक बाहरी आदमी को कॉलेज के नाम पर पैसे लेने का हक किसने दिया? हमारी मांग या तो प्रोग्राम कॉलेज कैंपस में हो, या हमारे पैसे तुरंत वापस किए जाएं! वरना हम पुलिस में एफआईआर दर्ज कराएंगे।

छपारा में 60 लीटर डीजल के साथ युवक पकड़ाया

छपारा नवभारत। थाना छपारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मुतिया बिजना स्थित यूपी इलाहाबाद ढाबा के पास एक युवक को 60 लीटर डीजल के साथ पकड़ा । आरोपी के खिलाफ धारा 287 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक विगत 21 फरवरी 2026 को दोपहर 2-05 बजे थाना छपारा में पदस्थ प्रधान आरक्षक 110 विनोद कुमार बघेल को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ढाबा परिसर के पास तीन प्लास्टिक कैनों में ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम सलमान खान (26) निवासी ग्राम सुकतरा थाना कुरई, हाल मुकाम ग्राम मुतिया थाना छपारा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तीन प्लास्टिक कैनों में कुल 60 लीटर डीजल (प्रत्येक में 20-20 लीटर) बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 6,000 रुपये बताई गई है। आरोपी से डीजल रखने एवं विक्रय संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही डीजल के उपयोग के संबंध में संतोषजनक जानकारी दे पाया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार कर डीजल जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार खुले में ज्वलनशील पदार्थ रखने से जनहानि की आशंका को देखते हुए आरोपी का कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 287 के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। मामला जमानतीय होने तथा सात वर्ष से कम सजा के प्रावधान के चलते आरोपी को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर न्यायालय में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया गया है। थाना छपारा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दिया है।

सिवनी पुलिस ने कॉबिंग गश्त में 53 वारंटी को गिरफ्तार कर 81 निगरानी शुदा बदमाशों को चेक किया

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा 21-22 फरबरी की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 22-02-26 की रात्रि 12 बजे से प्रात: 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रात्रि कांबिंग गश्त में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 94 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 11 स्थाई वारंट, 42 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 81 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 180से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति कवि सम्मेलन आज आयोजित होगा, अविनाश पांडे मुख्य अतिथि होंगे

सिवनी नवभारत। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुप्रसिद्ध कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन दिनांक 23 फरवरी 2026 दिन सोमवार को रात्रि 8-00 बजे से गांधी चौक शुक्रवारी बाजार सिवनी में आयोजित किया गया है। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री अविनाश पांडे महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं अध्यक्ष कवि प्रदीप फाऊंडेशन नागपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमहंस मौनी दादा आश्रम कुडारी मझगंवा के प्रभारी स्वामी श्री बलवंत श्रद्धानंद महाराज करेंगे। एवं श्री दिवाकर सिंह पटेल कुलाधिपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नगर के अन्य जनप्रतिनिधिगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अखिल भारतीय सम्मेलन कवि सम्मेलन में श्री सुनील समैया बीना मंच संचालक श्री नरेंद्र धड़कन हास्य बिलासपुर छत्तीसगढ़ श्री कुलदीप रंगीला देवास मध्य प्रदेश श्री विवेक शर्मा ओज उज्जैन मध्य प्रदेश श्री अकबर ताज शायर एवं गीतकार खंडवा मध्य प्रदेश श्रीमती सरिता सरोज श्रृंगार गोंदिया महाराष्ट्र श्री राजेश लोटपोट हास्य झालावाड़ राजस्थान डॉ अवनीश पाठक सूर्य ओज एवं श्री विनोद सनोदिया अनजान काव्य पाठ करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल सचिव श्री सुरेंद्र सिसोदिया अनुज एवम संयोजक श्री रमेश श्रीवास्तव चातक ने समस्त साहित्य प्रेमियों एवं नगर के समस्त जागरूक नागरिक बंधुओ एवं नौजवान साथियों से कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित का आग्रह किया है।

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एकांत में बंधे मवेशियों को मुक्त कराया

उगली नवभारत। बीती रात शनिवार की लगभग रात्रि में 11 से 12-00 बजे के मध्य सिवनी जिले के पुलिस थाना उगली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रुमाल के घाट खरपड़िया और सारसडोल ग्राम पंचायत के टिकरी गांव के मध्य सड़क पर अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगभग 14 नग बैल एक साथ एकांत पर बंधे हुए थे, निश्चित तौर पर एकांत में बैलों के बंधे होने के कारण,जो कृषक मित्र हैं, इनका एकांत पर बंधे रहने के कारण बजरंगी भाइयों के अथक प्रयास से मुख्यत: देव ठाकुर, जनपद सदष्य पति बसंत देशमुख और घाप खरपडिया के यूवकों द्वाया इन्हें सुरक्षित करते हुए, सडक मार्ग से रात्रि में पुलिस थाना उगली परिसर

में लाकर थाना प्रभारी को सौंपा।

थाना प्रभारी उगली ने जानकारी दी की कुछ क्षेत्रीय युवकों के द्वारा इन जानवरों को पुलिस थाना परिसर में लाकर सौंपा गया है, जिन्हें हम नजदीक की गौशाला चिखली ग्राम में कामधेनु गौशाला ले जाकर सुरक्षित करेंगे,फिलहाल यह पूरा मामला अगर देखा जाए तो गौ तस्करी और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत आता है,हम इस पूरे मामले की छानबीन कर गहन जांच कर रहे हैं। फिलहाल संदिग्ध जो भी इस कार्य से जुड़े होंगे उनके उपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, उगली क्षेत्र के अंतर्गत निकट बालाघाट जिले की सरहद और वैनगंगा नदी के किनारे बसे ग्रामीण अंचलों से तस्करी करने वाले पशु तस्करों की आवाजाही मूवमेंट होते रहता है जिसके लिए क्षेत्र में सजग प्रहरी के रूप में बजरंगी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और पुलिस विभाग जागरूकता की दृष्टिकोण से प्रयासरत है। पुलिस थाना परिसर में जब सुबह इन बैलों को देखा गया तो बैल जोड़ी में बंधे हुए दिखाई दिए और वृद्धावस्था की और अग्रसर थे खैर जो भी हो। ऐसा मानना है कि यह बेल खटीक कसाइयों को बेचे जाने की फिराक में थे लेकिन क्षेत्रीय जागरूक युवाओं की सूझबूझ से इन्हें सुरक्षित बचा लिया गया. इस संदर्भ में गौशाला संचालक श्रीमती छाया अनिल ऐडे से जब इन बूढे बैलों के बारे में पूछा गया तो इनका कहना है, कि उगली थाने से इन मवेशियों को गौशाला भिजवाया गया है, इनके जो मी मालिट हैं, वे आकर अपने मवेशियों को छुडवाने आयेंगे, तब इनकी जो भी खुराक दाना, पानी, पैरा, भूषा, घांस इत्यादी का खर्च लेकर मालिकों को वापिस कर दिया जायेगा

शोभायात्रा हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, नगर में हुआ ऐतिहासिक स्वागत, 21 से 28 फरवरी तक चल रहा धार्मिक आयोजन

राधा- कृष्ण विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

सिवनी नवभारत। श्री द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित राधा-कृष्ण मूर्ति विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत आज रविवार 22 फरवरी को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के सिद्ध शिवपीठ मठ मंदिर से धार्मिक विधि-विधान एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

शोभायात्रा के पूर्व द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर अग्निपीठ रामकृष्णानंद जी, दंडी स्वामी द्वय दामोदरानंद तीर्थ एवं राघवानंद तीर्थ, ब्रह्मचारी सुबोधानंद जी तथा कथा व्यास गीता मनीषी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में मठ मंदिर में भगवान शिव का पूजन किया गया।

इसके पश्चात आवश्यक दिशानिर्देशों के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु प्रांगण में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने जयघोष किया। पूजन कार्य मठ मंदिर महाकाल समिति द्वारा संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह सहित धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अनेक प्रमुखजन उपस्थित रहे। शोभायात्रा में धर्मध्वजाओं से वातावरण भगवामय हो गया। एक हजार से अधिक महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण किए जाने से शोभायात्रा की भव्यता और भी अलौकिक हो उठी।

शोभायात्रा में घंटा-घड़ियाल, घोड़े, व्यायामशाला दल, महाकाल समिति की शिव-पार्वती की सुंदर झांकी तथा राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां रथों पर सजाई गईं। पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर अग्निपीठ रामकृष्णानंद जी, दंडी स्वामी द्वय दामोदरानंद तीर्थ एवं राघवानंद तीर्थ, ब्रह्मचारी सुबोधानंद जी तथा कथा व्यास निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज रथों पर विराजमान रहे। गगनभेदी नारों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, बाजे-गाजे, भजनों एवं स्थानीय परंपरागत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा की गरिमा को और बढ़ाया।

महाकाल समिति द्वारा मठ मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का स्वागत-अभिनंदन कर उसे रवाना

किया गया। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों में भारी उत्साह देखा गया।

आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु प्राण-प्रतिष्ठा समिति के पदाधिकारी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, आलोक दुबे, संजय भारद्वाज, प्रदीप राय, ददुआ पटेल, रज्जू सनोडिया, बसंत बघेल, संजय बघेल, गुड्डू सनोडिया, घनश्याम सनोडिया द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मठ स्कूल के सामने कलार समाज द्वारा प्रदीप राय के साथ स्वागत किया गया। वहीं पार्षद राजेश राजू यादव ने भी स्वागत किया।

ढीमरी मोहल्ले में कश्यप समाज द्वारा अनिल कश्यप, गोलू कश्यप, कोमल कश्यप, मनोज विक्रांत दुबे, शीबू सेंगर, अखिलेंद्र गद्दू, दादू सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

इसके बाद संतोष अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल के निवास के सामने स्वागत किया गया। मारुति मंदिर के समीप बीरबल सेठ एवं शंकर अग्रवाल मंदिर समिति द्वारा स्वागत किया गया। दुर्गा मंदिर के समक्ष समीर अग्रवाल, अर्पित त्रिपाठी, चीकू सक्सेना, सोनू गुप्ता, पापे चौरसिया द्वारा मंदिर समितियों की ओर से स्वागत किया गया।

बालरूप हनुमान मंदिर समिति की ओर से अमित मालू, आनंद शर्मा, कपिल पांडे, सोम पाठक,

गोलू शर्मा के साथ स्वागत किया गया। गिरिजा कुंड में स्वर्णकार समाज द्वारा किशोर सोनी के साथ स्वागत किया गया। विभिन्न समाजों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया।

नगरपालिका चौक में अतुल मालू, गोलू मालू, नहाटा परिवार, भूरा परिवार एवं कुर्मी समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, ददुआ पटेल, गोपाल, रजजू सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, मोहन चंदेल, प्रकाश सनोडिया, भरत सनोडिया, रामसिंह सनोडिया, नगर पालिका के पार्षदगण एवं लक्ष्मीनारायण समिति की ओर से नरेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

इसके पश्चात व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया तथा शंकर मढ़िया में संजय बघेल एवं मंदिर समिति ने स्वागत किया। आगे आशीष नगपुरे, दीपक नगपुरे, संतोष नगपुरे एवं भारद्वाज परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि 21 से 28 फरवरी तक द्वारकाधीश मंदिर में राधा-कृष्ण मूर्ति विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। वहीं 21 फरवरी से गीता मनीषी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के व्यासत्व में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ भी हो चुका है। शोभायात्रा के माध्यम से संपूर्ण नगर धर्ममय वातावरण से ओतप्रोत रहा।

बिजली विभाग की लापरवाही, खुले में लगे जीर्ण-शीर्ण ट्रांसफॉर्मर...

सिवनी नवभारत। नगर के कई रिहायशी क्षेत्रों में खुले में लगे जीर्ण-शीर्ण ट्रांसफॉर्मर दुर्घटना को जन्म दे रहे हैं जो कि बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही है। यहां के रिहायशी क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर के आसपास तार का जाल बिछा है। जिसके कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। एक ट्रांसफार्मर तो कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के सरकारी आवास के बाजू में लगा है जो कि खुले में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।ट्रांसफार्मर के चारों फेंसिंग नहीं है। इस रास्ते स्कूल के छात्र छात्राएं, स्टेडियम के लिए खेलकूद के विद्यार्थी एवं क्षेत्र के रहवासी भी जाते हैं। ट्रांसफॉर्मर में लटके तारों में कुछ खुले हुए हैं,जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। ज्ञात हो कि शहरवासियों को बिजली देने के लिए कई जगहों पर ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण ये ट्रांसफॉर्मर खतरनाक होते जा रहे हैं।खुले में होने के साथ इसके फ्यूज और कनेक्टर्स कम ऊंचाई पर लगे हैं। जिससे कोई बच्चा भी खतरे तक पहुंच सकता है।

कई जगहों पर विभाग ने ट्रांसफॉर्मर को दुकानों के सामने लगा रखा है। लेकिन ये ट्रांसफॉर्मर भी हादसों को न्यौता दे सकते हैं। बाजार में भीड़ रहती है। लोग खरीदारी के लिए दुकान में आते जाते रहते हैं।लेकिन जिस तरह से ट्रांसफॉर्मर में तार लटके हुए हैं,उससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यदि कोई इंसान तारों के संपर्क में आ जाए तो तुरंत ही उसकी मौत हो सकती है।लेकिन खतरा दरकिनार करते हुए रोजी रोटी के लिए यहां के दुकानदारों को मजबूरन रोजाना अपनी दुकानें संचालित करनी पड़ रही है।